Regarding setting up of Food Processing Industries in Sandila and Chaubepur

श्री अशोक कुमार रावत (**मिश्रिख) :** यह हमारे लिए प्रसन्नता की बात है कि श्रद्धेय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को विकसित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार बढ़ाने के लिए देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना की जा रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख के अन्तर्गत संडीला के साथ-साथ माधोगंज तथा बिल्हौर विधान सभा क्षेत्र में चौबेपुर औद्योगिक क्षेत्र है, जहां लघु प्रोसेसिंग उद्योग स्थापित हैं और अन्य लघु उद्योग विकसित हो रहे हैं। इन स्थलों पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किए जाने की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीण युवाओं को रोजगार सुलम हो सके ।

अतः मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि संडीला और चौबेपुर औद्योगिक क्षेत्र में भी केन्द्रीय सहयोग से खाद्य प्रसंस्करित उद्योग स्थापित किए जाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए।

माननीय सभापति **:** संक्षेप में कहने के लिए आपका धन्यवाद।